# आकाशवाणी शिमला
## 14.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

### मुख्य समाचार

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ बड़ा सुधार।
- प्रदेश के 11 जिलों में नवनिर्वाचित प्रधान व उप–प्रधान कल लेंगे शपथ–कांगड़ा जिले में 18 जून को होगा समारोह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य में अपराध की बढ़ती घटनाओं को बताया चिंताजनक।
- आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन करने के लिए प्रदेश भर में कल होगा मैगा मॉकड्रिल का आयोजन।

### जे.पी. नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में देश की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अन्य डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के जरिए अधिक लोगों तक इलाज की सुविधा पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि देश में एम्स की संख्या एक से बढ़कर 23 हो गई है। इसके अलावा ई–संजीवनी, कोविन और यू–विन जैसे प्लेटफॉर्म से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल रही हैं।

### भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार का 12 वर्ष का कार्यकाल देश के इतिहास में बेमिसाल और स्वर्णिम रहा है। मण्डी में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस कार्यकाल में देश में लोक कल्याण के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क दोगुनी गति से बढ़ा है और वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों की शुरूआत हुई है। इसके अलावा उड़ान योजना के तहत छोटे शहरों में हवाई अड्डों का निर्माण कर आम नागरिक के सफर को सुगम बनाया गया है।

### शपथ

कांगड़ा ज़िला को छोड़कर प्रदेश के 11 जिलों में नवनिर्वाचित प्रधानों व उप–प्रधानों को कल 15 जून को शपथ दिलाई जाएगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार कांगड़ा जिले में 18 जून को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रधानों व उप–प्रधानों को शपथ दिलाएंगे। कल शपथ समारोह जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया चम्बा, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ऊना, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सोलन और कृषि मंत्री चन्द्र कुमार कुल्लू में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इसी तरह उद्योगमंत्री हर्षवर्धन चौहान सिरमौर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी किन्नौर, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शिमला, पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह मण्डी, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बिलासपुर जबकि आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा हमीरपुर में शपथ दिलाएंगे। जिला स्तर पर होने वाले शपथ समारोहों के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि युवाओं को खेलों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। शिमला जिले में जुब्बल–कोटखाई के मलोग में आज एक खेल प्रतियोगिता के अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराईयों से दूर रखने का एक प्रभावी माध्यम है। क्षेत्र के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र में करीब एक सौ 76 सड़कें पास की गई हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में हर क्षेत्र तक सड़क सुविधा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। रोहित ठाकुर ने बताया कि टिक्कर तहसील में लोक निर्माण विभाग के तहत करीब सौ करोड़ रूपए के कार्य प्रगति पर हैं।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि राजधानी शिमला में एक महिला की हत्या होने चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं प्रदेश में पहले नहीं सुनीं गई थी लेकिन अब आए दिन हो रही हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस मूकदर्शक बनकर देख रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम कानून व्यवस्था को दुरूस्त करना होता है लेकिन प्रदेश पुलिस सरकार के निर्देशों पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को परेशान करने, सत्तासमर्थित अराजक लोगों को सुरक्षा देने और भाजपा नेताओं के फोन की निगरानी करने जैसे कार्यों में व्यस्त हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार जिस तरीके से पुलिस को अपना टूल बनाकर विपक्ष को परेशान करने में जुटी है उसके खतरनाक परिणाम सामने आएंगे।

**मॉकड्रिल**

प्रदेश के सभी जिलों में कल 15 जून को आपदा प्रबंधन को लेकर मैगा मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तकनीकी सहयोग से ये मॉकड्रिल करवाई जाएगी। इसके लिए भूकम्प, भू–स्खलन, बादल फटने से आने वाली बाढ़ और वनों की आग जैसी घटनाओं के परिदृश्य दिए गए हैं। पूर्वाभ्यास के दौरान इन्हीं परिदृश्यों के अनुसार राहत व बचाव कार्यों को अंजाम दिया जाएगा। पूर्वाभ्यास में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सेना और अर्धसैनिक बलों के जवान शामिल होंगे जो आपदा तैयारी में मौजूद कमियों की पहचान करने और उनके समाधान के सुझाव देंगे।

**वाईब्रेंट विलेज**

विकसित वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम का दूसरा चरण आज से रिकांगपिओ में शुरू हो गया है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों से आए 66 प्रतिभागियों का पारम्परिक खातक और किन्नौरी टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान आई.टी.बी.पी. के उप–कमांडेंट विरेन्द्र सिंह और माई भारत हिमाचल प्रदेश के राज्य निदेशक ध्रुव डोगरा ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। विकसित वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना, सांस्कृतिक एकता का सुदृढ़ करना, स्थानीय परम्पराओं का समझना और विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करना है।

**राजीव बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्‌डा के हिमाचल प्रवास ने पार्टी कार्यकर्ताओं में नई उर्जा व आत्मविश्वास का संचार किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रवास ने न केवल संगठन को मजबूती दी बल्कि कांग्रेस की विफलताओं को भी जनता के समक्ष उजागर किया है।

**यात्रा**

किन्नौर जिले की प्रसिद्ध किन्नर कैलाश यात्रा इस वर्ष एक जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। समुद्रतल से करीब 19 हजार 8 सौ 50 फीट की ऊंचाई पर स्थित किन्नर कैलाश शिवलिंग प्रमुख धार्मिक व साहसिक तीर्थ स्थलों में से एक है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी जिला संवाददाता.............

**युवा संघ**

नवभारत युवा संघ ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है। संघ के अध्यक्ष भावन शर्मा ने नाहन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और नशा व खनन माफिया भी पूरी तरह सक्रिय है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं और समाज पर बुरा असर पड़ रहा है।

**चयन**

लाहौल स्पिति के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शांशा के एक छात्र व प्रतिभाशाली खिलाड़ी ऋषिक रायांक का चयन प्रदेश की 18 वर्ष से कम आयु वर्ग की एथलेटिक्स टीम में हुआ है। उन्होंने बिलासपुर के लुहणू मैदान में हुए राज्य स्तरीय ट्रॉयल में जैवेलियन थ्रो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता....

**अवस्थी**

कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने कहा है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सोलन जिले के अर्की में विशाल दंगल कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मान व प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। अवस्थी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उनके शारीरिक विकास में खेल गतिविधियां अहम भूमिका निभा रही हैं।

**प्राकृतिक खेती**

ऊना जिले में पिछले तीन वर्षों में 9 हजार 3 सौ 93 किसान प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने की दिशा में तत्परता से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्पादों की सरकारी खरीद सुनिश्चित करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य में निरंतर वृद्धि की नीति ने जिले में सकारात्मक बदलाव की नींव रखी है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम साफ बना रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ क्षेत्रों में वर्षा दर्ज की गई जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में हल्का हिमपात भी हुआ है, जिससे सुबह–शाम के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की सम्भावना जताई है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ बड़ा सुधार।
- प्रदेश के 11 जिलों में नवनिर्वाचित प्रधान व उप–प्रधान कल लेंगे शपथ–कांगड़ा जिले में 18 जून को होगा समारोह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य में अपराध की बढ़ती घटनाओं को बताया चिंताजनक।
- आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन करने के लिए प्रदेश भर में कल होगा मैगा मॉकड्रिल का आयोजन।